मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-87
15/02/2019

जवानों की शहादत नाकाम नहीं होगी, उनकी शहादत का देश जरूर उत्तर देगा – मुख्यमंत्री

पटना 15 फरवरी 2019 :– बिहार विधानमंडल परिसर में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पुलवामा में हुई आतंकी घटना से संबंधित पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न का जवाब देते हुये कहा कि आतंकवादियों के द्वारा सी0आर0पी0एफ0 के जवानों पर जो कायराना हमला हुआ है, यह बहुत ही निन्दनीय है। हम सब इसकी भर्त्सना करते है। आतंकवादियों के द्वारा जो घटना को अंजाम दिया गया है देश उसके खिलाफ एकजुट है। इसका उपयुक्त जवाब जरूर मिलेगा, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। शहीदों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की शहादत नाकाम नहीं होगी, उनकी शहादत का देश जरूर उत्तर देगा, मुझे इसका पूरा भरोसा है।

******